दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com

मो. 9653906665

अंक 02/86 | जयपुर | 15 अप्रैल /2025 | मंगलवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04



## राजस्थान में हीटवेव से पारा 45 डिग्री के पार



**जयपुर।**

राजस्थान में बारिश के चलते 2 दिन गर्मी से राहत के बाद एक बार फिर प्रदेशभर में हीटवेव ने दस्तक दी। बाड़मेर में सोमवार को पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जैसलमेर और फलोदी में भी अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीमावर्ती जिले लू और हीटवेव की चपेट में रहे।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, राज्य में 17-18 अप्रैल तक राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। अगले 2-3 दिन में तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की आशंका है। इससे बाड़मेर-जैसलमेर के एरिया में पारा 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है।

मौसम विभाग ने 15 अप्रैल को 6 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें गंगानगर, बीकानेर, झुंझुनूं, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर शामिल हैं। वहीं 16 अप्रैल को श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही जोधपुर, पाली, जालोर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, चूरू, सीकर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली और दौसा में येलो अलर्ट रहेगा।

## डोटासरा बोले- समीक्षा कर लो पर्ची सही थी या गलत



**जयपुर।**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री की पावर तो ऊपर वालों ने सीज कर रखी है। मंत्रियों की पावर हमारे राज्यपाल ने सीज कर रखी है।

मंत्रियों को जो बैठक करनी होती है, वो राज्यपाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री समीक्षा कर रहे हैं। किस बात की समीक्षा कर रहे हो। एक बार इसकी भी समीक्षा कर लो कि पर्ची सही थी या गलत। कम से कम राजस्थान का तो भला हो जाएगा। डोटासरा ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को नसीहत भी दी है। उन्होंने कहा- टीकाराम जूली साहब ने ठीक कहा कि ये सरकारें तोड़ देते हैं, आप बोलते नहीं हैं। आपको किस बात का डर है, जेल जाने का? भगत सिंह जैसे दीवाने तो जेल छोड़ो, देश के लिए फांसी पर चढ़ गए। आप और हम आने वाले कल के लिए, संविधान के लिए थोड़ी मेहनत और थोड़ा साहस नहीं कर सकते तो आपको कांग्रेसी कहलाने का अधिकार नहीं है। डोटासरा ने कहा- रस्म अदायगी से काम नहीं चलेगा। रस्म अदायगी ने देश में हमें 50 तक पहुंचा दिया, अभी 100 हैं। अंबेडकर जयंती पर डोटासरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संबोधित कर रहे थे।

## 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को ठगने वाला कॉन्स्टेबल सस्पेंड

**अजमेर**

अजमेर में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को ठगने वाले कॉन्स्टेबल पवन मीणा को सस्पेंड कर दिया गया है। सोमवार को अजमेर एसपी वंदिता राणा ने इसका आदेश जारी किया है। उधर, आरोपी पवन मीणा फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम बनाकर दबिश दी जा रही है।

### 9 अप्रैल 2025 को दर्ज कराया गया था मुकदमा

ठगी की जानकारी लगने पर भास्कर की टीम 12 अप्रैल को अजमेर के क्लॉक टावर थाने पहुंची थी। यहां पता चला 8-10 लोगों से एक ही थाने में ठगी हुई है। कॉन्स्टेबल दीपक वैष्णव ने 9 अप्रैल 2025 को क्लॉक टावर थाने में 1 करोड़ की ठगी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। दीपक ने बताया था कि ठगी का मास्टरमाइंड पुलिस लाइन में पोस्टेड कॉन्स्टेबल पवन मीणा है। करौली का रहने वाला पवन मेरा बैचमेट है। इसलिए पहले से जान-पहचान थी। अक्सर मुझसे मिलने थाने आता था। इस दौरान उसकी यहां कुछ दूसरे पुलिसकर्मियों से भी जान-पहचान हो गई थी। पवन जब भी आता, नेशनल हाईवे पर बड़े-बड़े प्रोजेक्ट और उसमें करोड़ों रुपए इन्वेस्टमेंट से चौगुनी कमाई की बातें करता था।

# एसआई भर्ती मामला : कोचिंग माफियाओं के चक्कर में एसडीएम हनुमानराम बना 'मुन्नाभाई'

**एसडीएम हनुमानराम एसओजी से बोला- आरएएस बना तो छोड़ दिया था डमी कैंडिडेट बनना, दोस्ती में कर बैठा भूल**

**एसओजी के सामने हनुमानराम ने कई सच कबूले**

**हनुमानराम कोचिंग माफियाओं को कॉल कर कहता था सुधर जाओ, ये काम छोड़ दो**

## हनुमानराम ने पटवारी, ग्राम सेवक, शिक्षक, एसआई भर्ती में भी डमी बनकर दूसरे अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा दी

**जयपुर ।**

सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 में डमी कैंडिडेट बनने वाले फतेहगढ़ स्डरू हनुमानराम ने एसओजी से हुई पूछताछ में कई सच कबूले हैं। हनुमानराम केवल स्ढ्ढ भर्ती नहीं, पटवारी से लेकर ग्राम सेवक और शिक्षक भर्ती में भी डमी कैंडिडेट बनकर लोगों को पास करवा चुका है। उसने फोटो देखकर स्वीकार किया कि पटवारी भर्ती में वांछित डमी कैंडिडेट वो खुद है। पकड़े जाने के बाद हनुमानराम ने एसओजी के सामने इमोशनल कार्ड खेलने की भी कोशिश की। रोते और गिड़गिड़ाते हुए बोला- पैसों की तंगी दूर करने के लिए वो कोचिंग माफियाओं के झांसे में आकर ये काम करने लगा था। RAS-2021 में सिलेक्शन होने के बाद उसने ये काम बंद कर दिया था। हालांकि दोस्तों के कहने पर आखिरी बार स्ढ्ढ भर्ती में नरपतराम के लिए 15 लाख में डमी कैंडिडेट बनने की भूल कर बैठा। हनुमानराम ने एसओजी को यह भी बताया कि वो तो खुद कोचिंग माफियाओं को कॉल कर कहता था- सुधर जाओ, ये काम छोड़ दो। वहीं, खुद के पकड़े जाने का डर भी सता रहा था। हनुमानराम से एसओजी एडीजी वीके सिंह, एसपी लोकेश सोनवाल और सीमा शर्मा पूछताछ कर रही है।

### 12वीं का टॉपर, कोचिंग माफियाओं के चक्कर में बना 'मुन्ना भाई'

एसओजी की पूछताछ में हनुमानराम ने बताया कि दसवीं कक्षा से ही उसका राजस्थान प्रशासनिक सेवा का अफसर बनने का सपना था। जसवंतपुरा जवाहर नवोदय स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा में उसने आर्ट्स में उसने टॉप कर 90.20 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। तबसे ही कोचिंग संस्थाओं ने उससे संपर्क करना शुरू किया था। तब आर्थिक स्थिति सही नहीं होने से वो कोचिंग नहीं जा पाया। जिसका उसे मलाल था और वो पैसे कमाना चाहता था। हनुमानराम ने साल 2015 से सूरतगढ़ के भाटिया आश्रम में रहकर तैयारी की। बाद में जयपुर में रहकर आरएएस भर्ती की तैयारी करने लगा। आरएएस-2016 में हनुमानराम का चयन सांख्यिकी विभाग में हो गया था। नौकरी जॉइन करने के बाद हनुमानराम की योग्यता को देखते हुए कोचिंग माफियाओं ने उसे बड़ा लालच दिया। सरकारी भर्तियों में डमी कैंडिडेट बनने का ऑफर दिया।



नौकरी लगने के बाद पूरे विश्वास के साथ हनुमानराम डमी के रूप में बैठता था और मोटी रकम वसूलता था। पूछताछ में सामने आया कि हनुमानराम ने पटवारी, ग्राम सेवक, शिक्षक, एसआई भर्ती में भी डमी बनकर दूसरे अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा दी थी। हनुमानराम के पास आरएएस भर्ती-2021 में भी डमी कैंडिडेट बनने का ऑफर था। मगर उसने अपना करियर बनाने का फैसला लिया और इनकार कर दिया।

वक्त बड़ा बलवान होता है साहब ! कल तक जो व्यक्ति एसडीएम था.? वो आज़ अपराधी के रूप में पुलिस कस्टडी में बैठा हुआ है। एसआई भर्ती प्रकरण... नोटः जो पुलिस वाले कल तक जिस को "सर-जी-हुकुम" करते हुए उनके सामने जातें थे !



आज़ उन्हीं के बीच सर झुकाए बैठा हुआ है।

### आरएसएस भर्ती में डमी बैठने का मिला था ऑफर

आरएएस-2021 में हनुमानराम ने 22 वीं रैंक हासिल की थी। इसके बाद भी कोचिंग और पेपर लीक माफिया से जुड़े लोग हनुमानराम के संपर्क में रहे। मगर उसने साल 2021 भर्ती में सिलेक्ट होने के बाद डमी कैंडिडेट के रूप में बैठना बंद कर दिया था। प्रारंभिक पूछताछ में हनुमानराम ने स्वीकार किया है कि उसने दोस्तों के कहने पर 15 लाख रुपए में नरपतराम के बदले डमी बैठने का सौदा किया था। जिसमें से केवल डेढ़ लाख रुपए उसे दिए गए, बाकी पैसे देने में नरपतराम आना कानी कर रहा था।

### इनका कहना है



हनुमानराम ने पूछताछ में कई सच कबूले हैं ।आगे की कड़ियाँ कौन कौन हैं । इन सबको लेकर पूछताछ और दबिश जारी हैं ।

**– लोकेश सोनवाल, एसपी, एसओजी जयपुर**

### कोचिंग माफियाओं को कॉल कर कहता था- अब सुधर जाओ

एसडीएम बनने के बाद साल 2024 में एसआई भर्ती- 2021 विवादों में आई थी। एसओजी की लगातार हो रही कार्रवाई के बाद से हनुमानराम घबराया हुआ था। हनुमानराम एसओजी की हर एक्टिविटी पर नजर रखता था। उससे जुड़ी खबरें पढ़ता था। इसके बाद माफियाओं को वॉट्सऐप कॉल कर कहता था- अब सुधर जाओ, गलत काम अब मत करो। एसओजी ने हनुमानराम का मोबाइल भी जब्त किया है, जिसे तकनीकी जांच के लिए भेजा गया है। एसओजी को उम्मीद है कि हनुमानराम के मोबाइल से कई राज सामने आएंगे। एसओजी हनुमानराम से जुडे कोचिंग माफिया कनेक्शन को भी तलाश रही है।

### हरखू से हनुमानराम तक पहुंची एसओजी



इंद्रा | नरपत

दरअसल, एसओजी जब एसआई भर्ती की गड़बड़ी की जांच कर रही थी, तभी प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित होने के बाद पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग कर रही हरखू जाट को गिरफ्तार किया था। हरखू जाट ने डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करना स्वीकार किया था। उसने नरपतराम और उसकी पत्नी इंद्रा का नाम लिया था। हरखू ने बताया कि एक लाइब्रेरी में परीक्षा की तैयारी के दौरान उसकी इनसे मुलाकात हुई थी। हरखू की जगह इंद्रा ने डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा दी थी। वहीं इंद्रा के पति नरपतराम ने सिरोही के टीचर रामनिवास का नाम लिया था। रामनिवास ने आगे हनुमानराम का नाम लिया था। रामनिवास ने लिया हनुमानराम का नाम एसओजी के इनपुट के आधार पर सबसे पहले जोधपुर रेंज पुलिस ने एसआई भर्ती में 2 साल से वांछित नरपतराम और उसकी पत्नी इंद्रा को गिरफ्तार किया था। सिरोही पुलिस ने रामनिवास को पकड़कर एसओजी को सौंपा था। रामनिवास ने एसओजी को एसडीएम हनुमानराम का नाम बताया था। एसओजी ने जैसलमेर पुलिस की मदद से फतेहगढ़ एसडीएम हनुमानराम को 9 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया था।

### एसओजी से बोला- गलती हो गई साहब, माफ कर

दो गिरफ्तारी के बाद एसओजी की पूछताछ के दौरान एसडीएम हनुमानराम काफी देर तक रोता रहा। गिड़गिड़ाता रहा और एसओजी के अफसरों को कहता रहा कि उससे गलती हो गई। हनुमानराम ने एसओजी अफसरों को बार-बार गरीबी का हवाला देकर परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने का हवाला देकर सहानुभूति बटोरने की कोशिश की। हनुमानराम ने एसओजी को बताया कि उसकी 6 बहनें हैं, वो घर में सबसे बड़ा है। उसके पिता कौशला राम खेती करते हैं। मां पेम्पो देवी गृहिणी हैं। एक भाई भी है।

## वन विभाग की त्वरित कार्रवाई, नीलगाय का शिकार करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

**मरुधर विशेष**

**करन सोनी बलरामपुर।** जिले के धमनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत एक नीलगाय का अवैध शिकार करने वाले चार आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 20 किलोग्राम नीलगाय का मांस और शिकार में प्रयुक्त हथियार बरामद किए गए हैं। वन विभाग ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेजा।

वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल की दोपहर लगभग 12 बजे कक्ष क्रमांक पी 865 बीट ज़ कुर्लीडीह पवारी खोचा नामक स्थान में ग्रामीणों द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 अंतर्गत (अनुसूची) (3) में विनिर्दिष्ट नीलगाय का शिकार कर उसका मांस बिक्री के उद्देश्य से रखा गया था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर छापा मारा। वन विभाग ने आरोपि रामलखन पिता जयनाथ गोड़ (45) निवासी टाटीआथर, बंधन पिता दल्लू पण्डो (45) निवासी टाटीआथर, मोतीलाल पिता रामपति रवि (41) निवासी सलवाही और सुरेश पिता रामकुमार रवि (36) निवासी सलवाही को गिरफ्तार कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50, 51, 52, 39 के तहत न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने नीलगाय को घेर कर लाठी, डंडे और टंगिया से मार डाला था, जिसके बाद उसका मांस काटकर ग्रामीणों को बेचने का प्रयास किया गया। जब्त मांस को पशु चिकित्सक की उपस्थिति में जांच के लिए बिसरा सुरक्षित कर भेजा गया है। वहीं, अन्य फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान जारी है। नीलगाय के मांस के शेष अवशेष भी ग्रामीणों की निशानदेही पर बरामद किए जा रहे हैं। वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार तिवारी के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी अनिल सिंह पैकरा के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्राधिकारी धमनी अजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की संयुक्त टीम में परिसर रक्षक झारा रामकुमार यादव, परिसर रक्षक डिण्डो पवन प्रताप सिंह, परिसर रक्षक टाटीआथर स्कन्द पैकरा, परिसर रक्षक कुर्लडीह शीला यादव, परिक्षेत्र सहायक सुंदरपुर हरिशचंद यादव तथा परिक्षेत्र सहायक डिंडों सिरनी समोन बखला शामिल थे। परिसर रक्षक झारा रामकुमार यादव के द्वारा नीलगाय के शव के अवशेष एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में उत्कृष्ठ सहयोग रहा।



## अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ आज से, कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट से किया रवाना

**मरुधर विशेष**

**करन सोनी** सूरजपुरः अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ आज कलेक्ट्रेट से किया गया। इस अवसर पर अग्नि सुरक्षाकर्मी शहीदों के सम्मान में 02 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा जन जागरुकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने "बचाव ही बेहतर सुरक्षा है" का संदेश देते हुए कहा कि हर नागरिक को आग से बचाव के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान फायर सेफ्टी, अवेयरनेस ड्राइव, मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण सत्र जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर दमकल विभाग द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जायेगा।

अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के दौरान कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके अंतर्गत अग्निशमन केंद्र सुरजपुर की ओर से मल्टीप्लेक्स, बहुमंजिला इमारत, शिक्षण संस्थानों, हॉस्पिटल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन और कर्मचारियों को आग बुझाने के तरीके को समझाया जायेगा। फायर कर्मचारी द्वारा आग बुझाने और आग लगने के दौरान बिल्डिंग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने का डेमो भी दिया जायेगा।



जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि 14 अप्रैल सन् 1944 में मुंबई के विक्टोरिया डॉक यार्ड में हुए भीषण अग्निकांड के दौरान शहीद हुए 67 अग्निशमन कर्मचारी और अधिकारियों की शहादत को याद करने के साथ आमजन को अग्नि दुर्घटनाओं से सजग करने के लिए यह अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, जिला सेनानी सूरजपुर, नगर सेना के कर्मचारी, सैनिक व फायर कर्मी उपस्थित थे ।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस पर जिला पंचायत में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**मरुधर विशेष,**

**करन सोनी** कोरिया। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय स्थित मंथन कक्ष में राज्य शासन के निर्देशानुसार विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समतामूलक समाज की स्थापना में जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। साथ ही 'बेटी संग पांच पौधे' अभियान के अंतर्गत लोगों को पौधारोपण और बेटियों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिससे सामाजिक संतुलन और पर्यावरण सुरक्षा दोनों को बढ़ावा मिल सके।



बहुउद्देशीय कार्यक्रम में जल संरक्षण, सामाजिक जागरूकता तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 15 से 30 अप्रैल 2025 तक चलाए जाने वाले 'मोर द्वार साय सरकार' विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा की जानकारी हितग्राहियों को दी गई, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह से उनके विचारों को जीवन में अपनाने की अपील की।




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन को संक्षेप में रखते हुए जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में आम जनता की भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस दौरान आगामी 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारंभ की जानकारी दी गई। इसके तहत प्रत्येक विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में सीएससी-विले के माध्यम से नागरिकों को बैंकिंग, शासकीय सेवाएं, प्रमाण पत्र, बीमा, पेंशन, बिजली बिल भुगतान, यात्रा बुकिंग, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड जैसी डिजिटल सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केंद्रों के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक आधारभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य सौभाग्यवती कुसरो,राकेश कुमार साहू, गीता राजवाड़े एवं विभिन्न समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अलवर सांसद सम्पर्क व संवाद कार्यक्रम में जौनायचा खुर्द व मानका में आमजन से रूबरू होकर जानी ग्रामीणों की समस्याएं, निस्तारण का दिया आश्वासन

मरुधर विशेष

**शाहजहांपुर(सुनील मेघवाल)** अलवर सांसद व केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव सोमवार को मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के जौनायचा खुर्द व मानका ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सांसद संपर्क व संवाद कार्यक्रम के तहत राउमावि खेल मैदान पर जिला स्तरीय,उपखण्ड स्तरीय के सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी के साथ आमजन से रूबरू हुए। नीमराना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जौनायचा खुर्द, फ़ौलादपुर, गुगलकोटा, कोलीला जोगा,शाहजहांपुर ग्राम पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण पर जन संवाद कार्यक्रम को लेकर सोमवार को जौनायचा खुर्द ग्राम पंचायत मुख्यालय के राउमावि खेल मैदान पर ग्राम पंचायत की सामूहिक समस्याओं को सुना। उपस्थित सभी सरपंचों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही मुण्डावर विधानसभा की ही मुण्डावर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मानका, सख्तपुरा-बावद, पलावा, हुलमाना कलां ग्राम पंचायतो का सांसद संपर्क व संवाद कार्यक्रम के लिए मानका के राउमावि खेल मैदान पर पहुंच समस्याओं को सुना।

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायत, सूर्यघर योजना से जुड़ने, पौधरोपण में सभी का सहयोग आवश्यक

मंत्री भूपेंद्र यादव ने सभी ग्राम पंचायतों के उपस्थित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनो को साकार करने के लिए चिकित्सा विभाग के सहयोग से टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के संकल्प को पूरा करने में आमजन के सहयोग, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से जुड़कर बिजली की समस्या से निजात पाने में सहयोगी बनने व प्रकृति के बिगड़ते तापमान को संतुलित बनाने के लिए अधिकाधिक पौधरोपण करने में आमजन कल प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

माला,साफा, डीजे व बाजा की फिजूलखर्ची के स्थान पर ऐतिहासिक,धार्मिक पुस्तकें भेट कर करें सम्मान, केंद्रीय मंत्री यादव ने गांवों में आयोजित कार्यक्रम में खुद के सम्मान में साफा,माला,डीजे-बाजा की परंपरा को त्यागकर फिजूलखर्ची के रुपयों से बचकर ऐतिहासिक, धार्मिक पुस्तकें भेट करने की परंपरा डाले। ताकि गांवों की लाइब्रेरी में या राजकीय विद्यालयों में उन पुस्तको को देकर ग्रामीण प्रतिभाओं को अच्छी शिक्षा से जोड़ने में सहयोग मिल सके। चुनावों में किये वादे पूरा करना ही प्राथमिकता ** मंत्री यादव ने कहा कि चुनावों में किये वादे प्राथमिकता से पूरे करने के उद्देश्य से ही लोकसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्रामपंचायत मुख्यालयों में पहुंच संवाद करने का कार्यक्रम शुरू करना बताया। चुनावी वादे के अन्तर्गत इआरसीपी में वंचित इलाके को डीपीआर में जुड़वाने के साथ प्रथम फेस की टेंडर प्रक्रिया पूरी जराने की जानकारी दी। द्वितीय फेस में जयसमंद से गढीकर व नीमराना तक के लिए सैदान्तिक स्वीकृति दिलाने कक बात बताई।



### प्रत्येक गांव को 11-11 पौधे भेंट, हर ग्राम पंचायत में होगी नर्सरी

एक देश, एक चुनाव – विकास की रफ्तार को देगा नई उड़ान केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत भारत में अब वन नेशन, वन इलेक्शन बिल ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर कुछ महीनों में होने वाले अलग-अलग चुनावों की वजह से जो समय, संसाधन और ऊर्जा खर्च होती है, अगर वही समय देश के विकास में लगे तो हमारा भारत कितनी ऊँचाइयों को छू सकता है! वन नेशन, वन इलेक्शन का यह बिल लोकसभा, विधानसभा, पंचायत और नगर निकायों के चुनावों को एक साथ कराने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे न केवल चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी, बल्कि प्रशासनिक कामकाज में भी स्थिरता आएगी। केंद्रिय पर्यावरण मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य है और उन्हें अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन कराया गया। उन्होंने कहा की युवाओं को डिजिटल शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के उदेश्य से अलवर संसदीय क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत में ई लाइब्रेरी खुलवाने का उनका प्रयास है। इस पर तेजी काम प्रगति पर है जिसके तहत अभी तक 28 लाईब्रेरी का भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 20 लाइब्रेरी का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की अटल टिंकरिंग लैब योजना के माध्यम से जिलें के विद्यार्थीयों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत मानका में अलवर सांसद खेल उत्सव में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों ने अपने अनुभव बड़े ही उत्साहपूर्वक साझा किए। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र के हम जैसे बालक-बालिकाओं के लिए यह खेल उत्सव किसी सपने से कम नहीं रहा। इस मंच ने हमें अपनी प्रतिभा दिखाने और निखारने का बेहतरीन अवसर दिया। जब हमारे जैसे छोटे गाँवों के बच्चे खेल के मैदान में आत्मविश्वास के साथ कदम रखते हैं, तो हमें महसूस होता है कि हमारे सपनों की उड़ान अब सिर्फ कल्पना नहीं रही। उन्होंने कहा इस आयोजन ने हमारे मनोबल को नई ऊर्जा दी है और हमें सिखाया कि अवसर और कड़ी मेहनत मिलकर सफलता की राह बनाते हैं। अब हम और भी जोश और उत्साह के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि टी.बी. मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत योजना के तहत जिले कि खैरथल जिले की 71 ग्राम पंचायतों को टी.बी. मुक्त घोषित किया गया है। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत मरीजों की जांच कर योजना के तहत प्रत्येक टी.बी. रोगी को प्रत्येक माह पोषण हेतू उनके खातो में 1000 रूपये दिए जा रहे है साथ ही पोषण किट प्रदान किये जा रहे है। सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत मानका, बावद, पलावा, हुलमानाकलां टीवी मुक्त होने पर सर्टिफिकेट एवं मोमेंट दिया।

प्रत्येक गांव को 11-11 पौधे भेंट, हर ग्राम पंचायत में होगी पौधशाला केन्द्रीय वन मंत्री यादव ने 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' के प्रत्येक ग्राम पंचायत को 11-11 पौधे भेंट कर कहा कि इन पौधों के साथ ग्रामवासी अपने तरफ से 100 और पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौधशाला बनाई जा रही है जिसमे नरेगा से दो श्रमिक भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक "पेड मां के नाम अभियान को मां व धरती मां के प्रति अपनी कृतघ्यता प्रकट करने का अभियान बताते हुए सभी को अपनी मां के नाम एक पेड लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना से न केवल निर्बाध, नि:शुल्क बिजली मिलेगी बल्कि इससे पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान भी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार व राज्य सरकार 17 हजार रूपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है इस तरह लाभार्थी को कल 95000 की सब्सिडी दी जा रही है। अतिरिक्त विद्युत उत्पाद होने पर सरकार उस बिजली को खरीदेगी। उन्होने आमजन से आह्वान किया कि इस योजना का लाभ उठाने हेतु सर्वप्रथम अपना रजिस्ट्रेशन करावे।

डेयरी सैक्टर को मजबूत करने, लखपति दीदी बनाने पर दिया जोर उन्होंने कहा कि अलवर जिले के डेयरी सैक्टर को विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के माध्यम से किसानों को अच्छी नस्ल के पशुओं के माध्यम से डेयरी क्षेत्र में विकसित हो, उन्होंने कहा की राजधानी के पास होने के कारण डेयरी का व्यापक मार्केट है जिसका लाभ उठते हु? हमें ईस क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा आमजन को अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट मिल सकेंगें। उन्होंने लखपति दीदी योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह माध्यम से जिले की महिलाओं को लखपति दीदी योजना का लाभ देकर उन्हें लखपति बनाया जाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबल प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा विभाग, विधुत विभाग, जलदाय विभाग, सरस डेयरी, राजीविका, बैंकिंग सेवाओं आदि की स्टॉल लगाई गई जिनमें केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने मंच से अपने-अपने विभागों कि प्रमुख योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान की गई। केंद्रिय जलवायु परिवर्तन मंत्री भुपेंद्र यादव ने कार्यक्रम में ग्राम मानका में गंदे पानी के निकासी हेतू पाइप लाइन कार्य उद्घाटन किया। मंत्री के साथ कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामहेत यादव, मंजीत चौधरी, पूर्व प्रधान बलवान सिंह यादव, कोटपूतली कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, पूर्व अध्यक्ष उमेद भाया, डॉ अंजली यादव,इन्द्र यादव,केडी यादव,जिला पार्षद वेद प्रकाश खबरी,सरपंच अजीत यादव, सरपंच गोविंद वाल्मीकि,हुलमाना कला ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट नरेंद्र धनवाल,सरपंच श्यामसुंदर यादव,गिर्राज यादव,उपसरपंच सुरेश सेठ सहित मौजूद रहे। मंच संचालन राजेन्द्र यादव ने किया।

## श्री कृष्ण नगर में बेटी के जन्म होने पर किया गया कुआं पूजन

# क्षेत्र में बना चर्चा का विषय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटियों को आगे बढ़ाओ के तहत किया गया कार्यक्रम

मरुधर विशेष

**मुंडावर ( रमेश चंद)** मुंडावर उपखंड क्षेत्र के श्री कृष्ण नगर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बेटियों को बढ़ाओ के तहत बेटी के जन्म होने के उपलक्ष्य में कुआं पूजन कर प्रतिभोज का कार्यक्रम किया गया। बेटी के कुआं पूजन करने के कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बेटियों को आगे बढ़ाओ के तहत समाज में बड़ा संदेश देने का कार्य किया गया है। श्री कृष्ण नगर निवासी देवेंद्र गहलोत कॉलेज असिस्टेंट प्रोफेसर के द्वारा अपनी बेटी देवीना के जन्म होने पर कुआं पूजन एवं प्रतिभोज का कार्यक्रम किया गया। जिसकी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।नवजात बेटी देवीना गहलोत के पिता देवेंद्र गहलोत ने कहा कि बेटी का कुआं पूजन करने के पीछे समाज में मुख्य उद्देश्य देने का है कि आज बेटों की चाहत में



बेटियों को भ्रूण में ही हत्या कर दी जाती है लेकिन वह बिल्कुल गलत है। बेटियां भी बेटों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।आज बेटियां उच्च पदों पर विराजमान है इसलिए समाज से अपील है कि बेटियों को भ्रूण में न मारे उनका सम्मान करें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटियों को बढ़ाओ के लिए यह कार्यक्रम संदेश के रूप में किया गया है। वही नवजात बेटी देवीना की माता पुनीता का कहना है कि आज बेटियां भी बेटों से कम नहीं है देश की राष्ट्रपति भी एक महिला बेटी है। समाज में बेटियों को बेटों के बराबर समान दर्जा दे ।बेटियों को बचाकर उनको अच्छी शिक्षा हासिल



कराए। बेटियां दो परिवारों की शान होती है इसलिए बेटियों को बचाएं और बेटियों को पढ़ा लिखाकर आगे बढ़ाएं यह समाज के लिए मुख्य संदेश है। बेटी के कुआं पूजन करने के दौरान दादा लख्मीचंद, रूपचंद,काशीराम,दादी धर्मा देवी, बुआ मुकेश देवी, शारदा देवी, कोमल, और नीलम, फूफा जी चरण सिंह, पूरन सिंह, नाना रमेश चंद ,देवकरण व नानी ममता देवी,मामा अंकित एवं घनश्याम फानन, अभय सिंह, महेंद्र सिंह दिल्ली, रघुवीर, सुनील गहलोत, डॉक्टर वीके गौतम गुरुग्राम एडवोकेट रुपेश यादव पंचायत समिति सदस्य सहित रिश्तेदार एवं ग्रामीणों ने बेटी के कुआं पूजन को लेकर सराहना की साथ ही लोगों ने ऐसे कार्यक्रम समाज में होते रहने के लिए बेटियों को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए अच्छा संदेश बताया।

## बहतुकला थाना क्षेत्र के जाडला गांव में कार चालक ने कईयो को कुचला, आधा दर्जन अलवर भर्ती

मरुधर विशेष

**मरुधर विशेष । दिनेश लेखी** कठूमर। बहतुकला थाना क्षेत्र के गांव जाडला में आई एक बारात के वाहन के चालक ने डीजे देखते हुए लोगों पर कार चढ़ा दी जिससे कई लोगों के गंभीर चोट आई है। इनमे? से कई जनो को अलवर रैफर किया गया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। टक्कर इतनी तेज? थी कि गाड़ी लोगों को रोंदते हुए दीवार में जा घुसी और दीवार भी तोड़ दी। थानाधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि रामस्वरूप पुत्र रामफल जाति जाटव निवासी जाडला ने थाना बहतु कला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार को मेरे गाव जाडला में सुखराम की लड़की की शादी थी और 10 बजे के करीब बारात की निकासी निकल रही थी और मेरे घर के सामने डीजे बज रहा था तो वहा गाव के और मेरे परिवार के लोग लोकेश पुत्र रामसरूप, उर्मला पुत्री बिजेंद्र, रूपसिंह पुत्र रतनलाल, पुत्र प्रकाश, नरेश पुत्र दुर्गन, गोलू, राधिका पुत्री निर्भान, राजेश पुत्री मूलचंद और मुनिया पुत्री नेपाल, कश्मीरा पत्नी गुर्गन, दीपेश पुत्र बीजेन्द्र, गोरव पुत्र सोमप्रकाश, बबिता पत्नी राजवीर और घर के बाहर मेरी एक भेस बंधी हुई थी तभी एक तेज रफ्तार से एक हरियाणा नम्बर की कार हमारी तरफ आई और वहा खड़े सभी लोगो में टक्कर मार दी और गाड़ी तब भी नहीं रुकी और दीवार को तोड़कर सीधे मेरे घर में घुस गई और जिसकी बजह से उन सभी लोगो के बहुत गभीर चोटे आई । इस दौरान आधा दर्जन लोगो के बहुत गभीर चोटे आई । जिन्हें अलवर एडमिट कराया गया। इसके अलावा भैंस भी गंभीर रूप से घायल हो गई।

# खैरथल- तजारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने डॉ. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित शोभायात्रा को दिखाई हरी झंडी

मरुधर विशेष

**विजय सिंह /मोहम्मद शकील** खैरथल 14 अप्रैल। खैरथल- तजारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भारत रत्न से सम्मानित महान समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यलय प्रांगण, खैरथल एवं किशनगढ़ बास में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित शोभायात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री यादव द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा



सुमन अर्पित करते हुए माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उन्होंने 'भीम प्रदर्शनी' का अवलोकन कर बाबा साहेब के आदर्शों और संघर्षों को नमन किया।

इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और समाजसेवा के इस पुनीत कार्य के लिए सराहना भी की। इस दौरान केंद्रीय वन मंत्री ने कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना व लोक-कल्याण के लिए समर्पित रहा है। लोकतांत्रिक चेतना से दीप्त उनका महान जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बाबा साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षा एवं जीवन के संघर्षों से लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब विश्व में मानवता के प्रेरणास्रोत हैं, हम सभी को उनके आदर्शों, विचारों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का मंत्र दिया था जिसे हमे याद रखना चाहिए। बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के प्रसार, सामाजिक भेदभाव के अंत और वंचितों के सशक्तिकरण को समर्पित किया। बाबासाहेब ने न केवल संविधान की रचना की अपितु एक लंबे समय तक करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन आए इसकी व्यवस्था भी की। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार बाबा साहब के विजन, आदर्शों एवं सपनों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार अंत्योदय के लक्ष्य के साथ विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शिक्षा एवं सुशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं, वे बाबा साहब की शिक्षा को समाज के उत्थान का मूल मंत्र मानते हैं। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के भारतीय संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब ने विभिन्न मतों, विचारधाराओं के बीच संतुलन बनाकर भारत के भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दुनिया का सबसे बड़े लिखित एवं जीवंत दस्तावेज के रूप में संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने खैरथल में बाबा साहेब अंबेडकर पार्क की घोषणा की। यह पार्क आने वाली पीढ़ियों के लिए समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, पूर्व विधायक मुंडावर मंजीत चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, नगर परिषद उपसभापति वरुण डाटा, जाटव समाज अध्यक्ष रामबाबू जाटव, लालाराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक एवं आमजन मौजूद रहे। वहीं जसोरिया कालोनी वार्ड 22 में वेदप्रकाश पूनिया परिवार द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहिब का जन्म उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान पूनिया परिवार की ओर से शीतल शरबत एव आइस क्रीम का वितरण भी किया गया।

## बाबा साहब की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में सामाजिक समरसता और सौहार्दता दिवस मनाया गया

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** सज्जनगढ़ उपखंड के डूंगरा छोटा के शांति कुटी आश्रम धाम पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय एवं उप शाखा कुशलगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में बाबा साहब की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में सामाजिक समरसता और सौहार्दता दिवस मनाया गया। मुख्य वक्त के रूप में ललित दवे शिक्षा भारतीय संस्थान प्रभारी बांसवाड़ा मैं अपने उद्बोधन में रखे। ये विचार रखने वाले राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय ) उप शाखा का सज्जनगढ़ एवं उप शाखा कुशलगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 14 अप्रैल 2025 को सामाजिक समरसता सौहार्दता दिवस मनाया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता दिगपाल सिंह जी राठौड़ सभा अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय जिला बांसवाड़ा एवं मुख्य वक्ता ललित जी दवे शिक्षा भारती संस्थान प्रभारी बांसवाड़ा के सानिध्य में एवं मुख्य अतिथि परम सम्माननीय संत श्री शांति कुटी छोटा डूंगरा महंत एवं जिला प्रतिनिधि कल सिंह जी मछार के सानिध्य में संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम का आगाज़ ईश



वंदना डॉ बाबा साहब भीमराम अंबेडकर जी एवं भारत माता की पूजन वंदना, अर्चना एवं दीप प्रचलन के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष सज्जनगढ़ प्रवीण माली ने स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तत् पश्चात सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवम् उपवर्णा द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया

जिला प्रतिनिधि कलसिंह सिंह मच्छार ने सभी कार्यकर्ता बंधुओं का इस कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय निकालकर पधारने पर आभार और अभिनंदन के साथ अंबेडकर के जीवन मूल्यों को आत्मसात कर वर्तमान समय में सामाजिक सौहार्द्र और समरसता बनाने की महती आवश्यकता पर अपनी बात रखी गई इसके बाद मुख्य वक्ता ललित दवे द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन सिद्धांत मूल्य एवं विभिन्न प्रकार के उनके आदर्शों को हमारे जीवन में किस प्रकार उतारकर उसे कार्यशैली में परिवर्तित कर शिक्षा समाज में इसका किस प्रकार हम परिवर्तन लाए और देश विकास में समाज विकास में शिक्षा विकास में बाबा साहब के उनके आदर्श का आत्मसात कर उसे बढ़ाने पर अपनी बात रखी गई साथ ही उन द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों को किस तरह स्वयं से शुरुआत की ओर कार्य किया इस बात पर अपने विचार रखें और अध्यक्ष महोदय दिगपाल जी द्वारा एवं जसवंतजी मेरावत ने भी शिक्षक साथियों को अपने कर्म में सिफ़् व्यवसाय न मानकर पुनीत पावन अपनी ज़िम्मेदारी समाज और राष्ट्र के प्रति शिक्षक भूमिका में महत्त्व पूर्ण है। उन कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता रणछोड़ पाटीदार, मोहन लाल शर्मा, नटवर पडवाल, भरत पंचाल, सरदार सिंह डामोर, सूर्यपसाद , सुरेंद्र लबाना , कन्हैया लाल निनामा, बलदेव सिंह अड़, विनोद सोनी, , गेंदी डामोर , नारदा चरपोटा , चम्पा मच्छार, पुष्पा गरासिया आदि कई कार्यकता उपस्थित थे। संचालन भरत पंचाल ने आभार ब्लॉक अध्यक्ष कुशलगढ़ पृथ्वीसिंह पड़वाल के करने पश्चात राष्टगान साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जामघाट की अवैध कोयला सुरंग को वन विभाग एवं स्श्वष्टरुने ब्लास्ट कर किया बंद

मरुधर विशेष, करन सोनी



**कोरिया।** आज बैकुंठपुर परिक्षेत्र के पटना क्षेत्र अंतर्गत जामघाट में संचालित एक अवैध कोयला सुरंग को वन विभाग और SECL (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) की संयुक्त कार्यवाही के तहत ब्लास्ट कर पूर्णतः बंद कर दिया गया है। जिला वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको ने जानकारी दी है कि यह सुरंग लंबे समय से अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, जिससे न केवल राजस्व हानि हो रही थी, बल्कि पर्यावरणीय क्षति और सुरक्षा संबंधी गंभीर खतरे भी उत्पन्न हो रहे थे। शिकायतों के आधार पर विभागीय अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और खनन गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रोकने हेतु यह कठोर कदम उठाया गया है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए सुरंग को विस्फोटक सामग्री द्वारा ध्वस्त किया गया। इस संयुक्त अभियान में वन विभाग, पुलिस विभाग, खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ SECL के तकनीकी विशेषज्ञ, सुरक्षाकर्मी एवं स्थानीय प्रशासन भी उपस्थित थे। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन पर भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्यवाही की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 सी जयंती मनाई

### डॉ अंबेडकर की जीवनी पर डाला प्रकाश

मरुधर विशेष



**बावल सुनीता सैनी** बावल कस्बे के गोल्डन ड्रीम कंप्यूटर शिक्षा केंद्र पर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बावल विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक प्रत्याशी महावीर प्रसाद चोपड़ा रहे। अतिथियों के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर समाज के लिए किए गए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों को डिप्लोमा भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान करण सिंह महलावत बावल, दीवान चंद, प्रदीप रोज,खुशवंत, परमजीत सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे

## भारतीय जनता पार्टी मंडल डूंगरा छोटा में भीमराव अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** सज्जनगढ़ उपखंड के छोटा डूंगरा के चोरा छोटा गांव में भारतीय जनता पार्टी मंडल डूंगरा ने अंबेडकर जयंती के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संजोयक संजय पंचाल ने बताया की कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हिम्मत मेरावत ने की, मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कृष्णा कटारा रहे ,विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य सिंह लबाना ,सरपंच बीजया भाई, सरपंच गलिया भाई रहे ,सर्वप्रथम मनचासीन अतिथियों ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर बाबा साहब अमर रहे अमर रहे के नारे के साथ में मीटिंग की शुरुआत की, स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मंचासीन अतिथियों का दुपट्टा पहना कर के स्वागत किया, सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष ने मनचासी अतिथियो का एवं कार्यकर्ताओं का शब्द सुमन द्वार द्वारा स्वागत किया, दीप सिंह वसुनिया ने अपने उद्बोधन में बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और संविधान को विस्तार पूर्वक बताया, मुख्य वक्ता के रूप में कृष्णा कटारा ने कहा की बाबा साहब के द्वारा निर्मित संविधान की ही देन जिन्होंने जनजाति समाज के हित के बारे में सोचा जनजाति समाज को अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए उनके द्वारा निर्मित संविधान की बहुत बड़ी देन है ,अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी अग्रिम पंक्ति में लाने का काम बाबा साहब ने किया। उन्होंने कहा की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जनजाति समाज के साथ जनजाति समाज के ही कुछ लोग समाज के नाम पर नई पार्टी बनकर जनजाति समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं ,ऐसे भी वींधर्मियों से आपको सावधान रहने की जरूरत है ,वर्तमान में डबल इंजन की सरकार है विकास में कोई कमी नहीं आएगी, आगामी पंचायती राज चुनाव को लेकर के समस्त कार्यकर्ताओं से कमर कसने का आहवान किया और कहा कि अपनी विचारधारा वाले लोगों को पांच और सरपंच को जीता करके लाओ तभी गांव का विकास होगा। कार्यक्रम को संबोधित दीपसिंह वसुनिया ,पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य सिंह, गालियां भाई सरपंच बिजया भाई सरपंच ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित दिलीप सिंघाड़ा ,बाबूलाल भरपोड़ा, अक्षय दांतला ,बहादुर, मौकमसिंह, सिसका भगत, राकेश चरपोटा, विपुल गरासिया एवं गांव चोरा के समस्त कार्यकर्ता, मंडल कार्यकारिणी के समस्त कार्यकर्ता एवं मातृ शक्ति उपस्थित है कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कमलेश पारगी ने आभार व्यक्त महामंत्री नवीन डांगर ने व्यक्त किया।

## बाबा साहब की जयंती मनाई



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** भाजपा मण्डल बड़ोदिया ने बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाने का आयोजन ग्राम पंचायत सुवाला में किया गया। स्वागत उद्बोधन सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र जी ने किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष आदरणीय मुकेश जी द्विवेदी, अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष लालसिंह सोलंकी, विशिष्ठ अतिथि चंद्रकांत जी खोड़निया भूरालाल जी डामोर विजयपाल जी यशोदा जी,गणपत जी डामोर,गोविंद जी ,लालचंद जी कलाल रहे। मुख्य वक्ता ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने पर प्रकाश डाला साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने ही सही मायनों में बाबा साहब को सही सम्मान प्रदान किया इस बारे में विस्तृत चर्चा की मण्डल अध्यक्ष ने बाबा साहब की जीवनी के बारे में चर्चा की।कार्यक्रम में चंद्रकांत जी,भूरालाल जी,जशोदा जी,गणपत जी,धर्मेंद्र पाटीदार विजयपाल जी ने बाबा साहब के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में विठ्ठल भाई,वीणा जोशी हितेश कलाल प्रकाश रावत,मुकेश मकवाना,संजय भोई,विठ्ठल हरिजन, कोदर जी पाटीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री राजेंद्र पारगी ने किया एवं आभार मण्डल महामंत्री राजेश जोशी ने माना

## नीमराना में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाएं

### कस्बे के मुख्य मार्गो से निकाली गई आकर्षक झांकी





मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना कस्बे में सोमवार को संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मेघवाल विकास समिति के ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अशोक पनवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीम सिंह यादव समाजसेवी ढाणी बड़गुर्जर नगरपालिका नीमराना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा गरीब नाथ आश्रम के महंत इकसार नाथ के द्वारा की गई।कार्यक्रम मेघवाल विकास समिति ब्लॉक नीमराना,राजस्थान मेघवाल परिषद, डॉ भीमराव अंबेडकर समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में नीमराना कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की भव्य झांकियां निकाली गई। झांकी में युवाओं के द्वारा जमकर आतिशबाजी,बाबा साहेब के भजनों पर डांस किया और एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश की गई। महिलाओं के द्वारा जमकर डांस किया गया। झांकी के दौरान सहायक उप निरीक्षक राजकमल यादव के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखा गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जल्दीप पथिक सेवानिवृत संयुक्त निदेशक आयुष विभाग, इंजीनियर धनराज सिंह चावंडी,डॉक्टर कुशलपाल सिंह चौहान समाजसेवी चावंडी, किरोड़ीमल सिकंदर उद्योगपति नीमराना ,अनिल दोसादिया वरिष्ठ प्रबंधक यूको बैंक नीमराना, डॉक्टर ज्ञानचंद मौर्य अस्थि रोग विशेषज्ञ सतीश अस्पताल नीमराना ,लक्ष्मण प्रसाद पूर्व डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा विभाग, गजानंद निभोरिया विद्युत विभाग सहायक अभियंता, प्रभु दयाल मोरोडिया मास्टर ,महावीर प्रसाद मास्टर, तेज सिंह हवलदार,भूपसिंह सरपंच कायसा रहे।कार्यक्रम के दौरान सर्व समाज की 120उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान मेघवाल परिषद जिला कोटपूतली बहरोड अध्यक्ष सुरेश चंद्र रेवाड़िया ,डॉ भीमराव अंबेडकर युवा समाज सेवा समिति अध्यक्ष एडवोकेट देवानंद मोरोडिया, राजस्थान मेघवाल परिषद महिला जिला अध्यक्ष माया ,एडवोकेट जितेंद्र सामरिया, एडवोकेट विजय चौहान,एडवोकेट नवीन बड़सीवाल जयकिशन पचेरवाल, मगन सिंह मेघवाल,उदय सिंह,अरविंद चौबारा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन एडवोकेट रामनिवास सामरिया,बीड़ी निभोरिया के द्वारा किया गया।

## भाजपा मण्डल सज्जनगढ़ में मनाई भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** भारतीय जनता पार्टी मण्डल सज्जनगढ़ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रीराम उच्च माध्यमिक विद्यानिकेतन प्रांगण में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव जी अम्बेडकर की जयंती मनाई। सर्वप्रथम अतिथियों ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमलेश जी तम्बोलिया ने बाबा साहेब के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दी एवं बताया की दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के निर्माता बाबा साहेब ने जो शक्ति भारत के सभी नागरिकों को दी है उसका कोई और अन्य उदाहरण देखने को नहीं मिलेगा। बाबा साहेब ने शोषित, वँचित के जीवन उत्थान को सर्वदा प्रथम स्थान पर रखा। उन्होंने खुद अभावों के साये में अपना जीवन व्यतीत किया था उन्हें भारत के जीवन दर्शन का पूर्ण ज्ञान था। आज भारत की लोकतान्त्रिक व्यवस्था पुरी दुनिया के लिए आदर्श है। मण्डल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया ने कहा की बाबा साहेब को देश की आजादी एवं संविधान बनने के बाद कोंग्रेस ने उपेक्षित करने का काम जाना परन्तु नरेंद्र जी मोदी एवं भाजपा की सरकार ने बाबा साहेब जिस सम्मान के हकदार है वह दिया। अटल जी के सहयोग से चलने वाली सरकार ने 1990 में बाबा साहेब को भारत रत्न एवं वर्तमान में नरेन्द्र जी मोदी की सरकार ने पंचशील बनाकर बाबा साहेब को उनका उचित सम्मान दिया। इस मौके पर मण्डल महामंत्री एवं कार्यक्रम सह संयोजक मयूर कलाल, नरसिंह निनामा, संजय जी कलाल, वरिष्ठ नेता लालसिंह वड़खिया, दिलीप पटेल, मण्ड ल्ल मंत्री मनीष कलाल, कालूसिंह डिंडोर, जिला आईटी संयोजक अरविन्द कलाल सहीत कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## आज 15 अप्रैल को 11 वे सामुहिक विवाह में जोड़ा देने वालों एवं समिति कार्यकर्ताओं की बैठक

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ाः 14 अप्रैल सोमवार, समस्त ब्राह्मण एवं सर्व समाज सामुहिक विवाह समिति के संत एच आर पालीवाल के सानिध्य मे आगामी 30 अप्रैल को 11 वे सामुहिक विवाह मे जोड़ा देने वालों के साथ ही समिति कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक 15 अप्रैल मंगलवार को उदयपुर में स्थित आदि गोड ब्राह्मण समाज के नोहरे, हिरण मगरी सेक्टर 5 गायत्री चौराहे पर प्रातः10 बजे से रखी गई हे। समिति के अध्यक्ष महर्षि सारस्वत के अनुसार मीटिंग में जोड़ा देने वालों को सामुहिक विवाह में वर वधु के सम्बंध में आवश्यक दस्तावेज एवँ सामुहिक विवाह मे उनके साथ ही उनके परिजनों के आने के बाद सकुशल विवाहोपरांत उनकी विदाई तक की समिति द्वारा आयोजित रूप रेखा की समझाईश संत जी द्वारा की जायेगी। इसी क्रम में व्यवस्थापिका प्रेम लता पालीवाल नें बताया कि सामुहिक विवाह के कार्यक्रमों के अनुसार समिति कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो के बटवारे की ज़िम्मेदारी सोपी जायेगी। अतः पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों को इस बैठक को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुवे अपने अपने दायित्वों से उक्त बैठक में सरोबार होने हेतु आवश्यक रूप से समय पर उपस्थित होना हे।उक्त जानकारी समिति के बांसवाड़ा प्रभारी नवनीत त्रिवेदी ने दी।

## वार्षिकोत्सव पर वर्ष पर्यन्त श्रेष्ठ कार्य करने वाले विद्यार्थियों महाविद्यालय विकास में सहयोग देने वाले भामाशाहों सकारात्मक व निष्पक्ष पत्रकारिता के धनी पत्रकारबन्धुओं का सम्मान किया

### एमबीडी महाविद्यालय में अभिनव 2025 वार्षिकोत्सव सम्पन्न

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** मामा बालेश्वर दयाल राजकीय महाविद्यालय कुशलगढ़ में अभिनव 2025 वार्षिकोत्सव एवं मामा? बालेश्वर दयाल की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि राजकुमार रोत सांसद , श्रीमती रमिला खडिया विधायक कुशलगढ़ की अध्यक्षता तथा अर्जुन सिंह बामनिया विधायक बांसवाड़ा व श्री नानालाल निनामा विधायक घाटोल के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा भारत का संविधान डॉ भीमराव अंबेडकर की? देन है। जिसके चिंतन में स्वतंत्रता, समानता,बंधुता व न्याय के दर्शन होते है। जिसकी वर्तमान परिपेक्ष्य में महती आवश्यकता है। मामा बालेश्वर दयाल ने वागड़ क्षेत्र में संविधान के अनुरुप ही सामाजिक जागरण के कार्य करते हुए यहाँ के? लोगो को शिक्षित व नशामुक्त किया। अध्यक्षता करते हुए रमीला खडिया ने संवैधानिक मूल्यों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा मामाजी के बताये मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। मुख्य वक्ता प्रो. बनयसिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंबेडकर साहब का एक ही दर्शन था कि मनुष्य को समाज में जीवन विकास के समान अवसर मिलने चाहिए।वार्षिकोत्सव पर वर्ष पर्यन्त श्रेष्ठ कार्य करने वाले विद्यार्थियों महाविद्यालय विकास में सहयोग देने वाले भामाशाहों सकारात्मक व निष्पक्ष पत्रकारिता के धनी पत्रकारबन्धुओं का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति राजस्थानी वागडी लोकगीतों पर नृत्य व मानगढ धाम घटना पर नाटक मंचन सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य जन विविध संगठन के पदाधिकारी महाविद्यालय विकास समिति सदस्य अभिभावक गण आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रो. कन्हैयालाल खांट ने किया। ये जानकारी प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने दी।

## विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ाः विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों द्वारा बाबा साहेव की मूर्ति पर प्रदेश महा मंत्री योगेश जोशी, जिला अध्यक्ष ललित कुमार जोशी, प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ डा. कीर्ति आचार्य, जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा के नेत्रत्व मे माल्यार्पण भी किया.इस अवसर पर विप्र संरक्षक पुष्पेंद्र पंड्या, नगर उपाध्यक्ष मनोहर जी जोशी, नगर उपाध्यक्ष रामशंकर जोशी,नगर महामंत्री मदन मोहन जी भट्ट, कोषाध्यक्ष कैलाश जोशी, ह्व्ज्ञ जिला संयोजक अमित शुक्ला, युवा प्रदेश सचिव प्रज्ञेश पंड्या,कार्यालय मंत्री ललित जोशी (लल्लू भाई) ,रक्तदान संयोजक ललित द्विवेदी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा अम्बेडकर चौराहा पर बाबा साहेब की मूर्ति के समक्ष रक्तदान कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती पर विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा अम्बेडकर चौराहा पर बाबा साहेब की मूर्ति के समक्ष रक्तदान कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। उक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश महा मंत्री योगेश जोशी ने बताया की सवेरे 9.30 से प्रारंभ रक्त दान शिविर दोपहर 12.30 तक चला जिसमे राजकीय महात्मा गाँधी चिकित्सालय के नरेंद्र बघेल के नेत्रत्व मे आई टीम ने 40 यूनिट रक्त का संग्रह किया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी,जिला अध्यक्ष ललित कुमार जोशी, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डा. कीर्ति आचार्य, जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा, रक्तदान संयोजक ललित कुमार द्विवेदी, महिला रक्तदान संयोजक चंद्रिका जोशी, वरिष्ठ अमृत सनाढ्य, कैलाश जोशी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्या चस॥ प्रगेश पड्या, जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला, रामशंकर जोशी सहित अनेक पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर बांसवाड़ा जिलाधीश डा.इंद्रजीत यादव जिला पुलिस अधीक्षक डा. हर्षवर्धन अग्रवाला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गोपाल लाल स्वर्णकार ने उपस्थित होकर रक्तदाताओ का उत्साह वर्धन किया। विप्र फाउंडेशन द्वारा सामाजिक समरसता के तहत आयोजित इस रक्तदान शिविर मे राजनेतिक समरसता भी दिखी। जब बांसवाड़ा के कांग्रेस विधायक पूर्व राज्य मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया और भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष पुंजीलाल गायरी ने एक साथ रक्तदाता को उत्साहित किया और उनके साथ फोटो खिचवाई। इस अवसर पर महिला रक्तदाताओ ने भी रक्तदान किया। वही वाल्मीकि समाज से संतोष वाल्मीकि, बंजारा सेवा सस्थान से राजेश बंजारा सपना फाउंडेशन के विश्वम्भर मेघवाल, चार्मि भट्ट के नेत्रत्व मे बड़ी संख्या मे रक्तदाता उपस्थित रहे। पंच धोबी समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष बलवंत वसिटा के नेतृत्व मे समाज के युवाओ ने रक्तदान किया। वही बलवंत वसिटा संतोष वाल्मीकि,मदन मोहन भट्ट शरद त्रिवेदी ललित जोशी रातितलाई का व्यवस्था मे सहयोग रहा।

## भाजपा ग्रामीण मंडल कुशलगढ़ द्वारा प्रधान निवास पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर आज भाजपा ग्रामीण मंडल कुशलगढ़ द्वारा प्रधान निवास पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोहनलाल डामोर ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य वक्ता धनसिंह रावत पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर कुशलगढ़ पंचायत समिति का प्रधान कानहिंग रावत ने अपने विचार व्यक्त किया।मुख्य वक्ता धनसिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हैं कहां की आज भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी ने बाबा साहेब के विचारों और संघर्षों से प्रेरणा लेकर उनसे जुड़े स्थानों को 'पंचतीर्थ' के रूप में विकसित करने का अतुलनीय कार्य किया है। बाबा साहब की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर उनके प्रति अपना आदर प्रकट किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की योजनाएं बाबा साहेब के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के सपने को साकार कर रही हैं।आदिवासी समाज के उत्थान व सुधार कर समाज में विभिन्न कुरूतियो को रोकने व नशे के चंगुल में फंसते युवा वर्ग को सही दिशा देने के लिए प्रबुद्ध नागरिकों को समाज को मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महामंत्री राकेश खड़िया,नारायणी देवी, उपाध्यक्ष सरदार सिंह जी कटारा, हुरतेंग मुनिया,बाबुलाल सरपंच प्रकाश चरपोटा सोहन कटारा भावसिंग देवता डॉ वजहीग मईडा, कांतिलाल जी गरासिया,नाथा भाई,केसर सिंह भाभोर,कालू सिंह भाभोर,राजेश गरासिया रमणलाल राणा जिला परिषद भंवरलाल मईडा कलसिग डामोर जनपद हुरतेग कटारा मांगीलाल डामोर प्रेमचंद रावत भूरजी कटारा सरदार कटारा मुकेश कटारा बापुलाल डिंडोर रमेश मईडा नरसिग रावत बदरु कटारा कलु महराज बाहदुर कटारा सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई कुशलगढ़ द्वारा डॉ.भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती भील समग्र विकास परिषद कुशलगढ़ में मनाई



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई कुशलगढ़ द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर जी की जन्म जयंती भील समग्र विकास परिषद कुशलगढ़ में निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के बीच जाकर मनाई जिला संयोजक कांतिलाल गरासिया ने सभी कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आग्रह के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जन्म जयंती प्रमुख है बाबा साहेब ने समाज के सभी वर्गों के बीच सामाजिक समरसता समाज की स्थापना की देश को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र देने में अहम भूमिका निभाई इस अवसर पर सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए कार्यक्रम में भाग संयोजक ईश्वर कटारा,कार्यकर्ता कालूसिंग भाभोर, मोहन निनामा, राकेश डामोर, पिंटेश देवदा,रेखा मचार,सीता, रोषिता एवं दिनेश कटारा सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद थे।

## कुशलगढ़ में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वा जन्म जयंती उत्सव मनाया

मरुधर विशेष





**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** आज दिनांक 14 अप्रैल 2025 को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134 वा जन्म जयंती उत्सव मनाया गया जिसमें संत रविदास मंदिर प्रांगण से बाबा साहब के चित्र से सुशोभित मलयार्पित सजी हुई बग्गी के साथ नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ जुलूस निकाला नगर के मध्य में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष पार्षद गणों द्वारा पुष्प वर्षा के माध्यम से जुलूस का स्वागत किया गया एवं देशभक्ति गीतों और बाबा साहब के गीत गुणगान गाता हुआ जुलूस पुनः मंदिर प्रांगण पर पहुंचा जहां पर महिलाओं एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई एवं जुलूस सभा में तब्दील हो गया सभा में मुख्य अतिथि दिल्ली से पधारे जगदीश दामेचा एवं बाबूलाल चावड़ा रहे जिन्होंने सभी को बाबा साहब की जीवनी और जीवन में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया तत्पश्चात समाज में जो युवा राजकीय सेवा में इस सत्र जुड़े है एवं जिनके पदोन्नति हुए है उनका सामाजिक सम्मान किया गया माला के साथ श्रीफल भेंट किया गया। अध्यक्ष रमेश चंद्र चौहान ने सभी को समाज की तरफ से ओर उन्नति करने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया एवं नई पीढ़ी प्रशासनिक सेवाओं में आवे और आगे बड़े इस बात पर जोर दिया । इस अवसर पर समाज के सभी लोग बुजुर्ग से लेकर बड़े युवा और सभी बच्चों ने भाग लिया जिनमें लूना चौहान कोदरलाल चौहान महेश चौहान नानालाल चौहान पार्षद संजय चौहान जगदीश चौहान ईश्वरलाल चौहान, तुलसीराम चौहान,मनोहर चौहान भरत माधविया,जगदीश माधविया धीरज चौहान,मुकेश संजय,सोनू यादव,पुष्कर, वीरम, नगीन, नाथू,रवि,पंकज यादव,अनिल यादव विक्रांत चौहान एवं महिलाओं में निर्मला चौहान , मीना चौहान भूमिका चौहान ट्विंकल,सोनल वर्षा चौहान एवं बड़ी मातृ शक्ति एवं बहनों ने भाग लिया।

### भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

## बाबा साहब ने सामाजिक न्याय को ध्येय बनाते हुए समानता, न्याय, स्वतंत्रता और दायित्व का बोध कराया - बेढ़म

मरुधर विशेष





**संवाददाता सलीम खान** डीग, । भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर में समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म द्वारा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में मौजूद समस्त जन को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर संविधान के माध्यम से अधिकार एवं कर्तव्य का बोध कराने के साथ-साथ अनेक सामाजिक उत्थान अभियानों के भी प्रणेता रहें। उन्होंने डॉ आंबेडकर के आदर्श और सिद्धांतों को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक न्याय को ध्येय बनाते हुए समानता, न्याय, स्वतंत्रता और दायित्व का बोध कराया है। उन्होंने संविधान निर्माण के माध्यम से पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया तथा समान अवसरों के माध्यम से वंचित को विकास की मुख्य धारा से जोडा है।
संविधान के कारण विविधताओं का देश भारत आज एक मजबूत लोकतंत्र के रूप में स्थापित है। श्री बेढ़म ने युवा पीढ़ी से डॉ आंबेडकर के जीवन से संबंधित साहित्य का अध्ययन करते हुए चुनौतियों में भी किसी प्रकार लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, उसे पढ़ कर जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर कई प्रतिभाओं को श्री बेढ़म द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जनजाति मीना विकास समिति खेड़ली कठूमर ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

### बैठक में समाज के 17 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा



मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर।** जनजाति मीना विकास समिति खेरली कठूमर की बैठक में उमेदी लाल मीना कैटहेड़ा की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंम्बेडर की 134वीं जयन्ती पर उनकी जीवनी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। तथा सभी पदाधिकारी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। बैठक में समाज सुधार के 17 बिन्दुओं के ऊपर भी प्रकाश डाला गया। बैठक में महामंती धर्म सिंह मीना, कोषाध्यक्ष महावीरमीना, डा0 सुरेश मीणा, मीणा छात्र महासभा जिलाध्यक्ष उदल सिंह मीना, नगरपालिका कठूमर पूर्व चेयरमैन शेर सिंह मीना, प्रेम प्रकाश मीना, फपीस डीलर संघ अध्यक्ष फूलसिंह मीना, रामनिवास मीना आरएएस, कमलसिहं, मानसिंह, प्रकाशचचंद, उमेदीलाल गार्ड, धनसीराम, मानसिहं, कमल, जलसिंह मीणा आदि उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर जयंती पर निकाली झाकिया



मरुधर विशेष

**बावल सुनीता सैनी** बावल और आसपास गावों मे बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई आयोजन समिति के लोगो नें बताया की कार्यक्रम क़ो लेकर युवाओं मे बहुत जोश हैं कई दिनों से लोग तैयारिया शुरू कर दी थी आज बाबा साहेब की जयंती पर महापुरुषों की झाकियों क़ो सजाया गया और आधा दर्जन डीजे के साथ बाइक मे झंडे लेकर भव्य झाकिया निकाली गई मैन बाजार नागल रोड होली चौक के पास अम्बेडकर पार्क मे पहुंची सैनी सभा के पास समाज के लोगो नें फूल बरसाकर स्वागत किया और जलपान की व्यस्था की गई झांकी मे महिलाये युवा बच्चे डीजे की धुन पर नाचते हुए पहुचे बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर नें जीवन भर निचले स्तर के लोगो क़ो उठाने के लिए संघर्ष किया उन्होंने देश का सविधान बनाकर सामाजिक रूप से पिछड़े लोगो क़ो समानता से जीने का अधिकारी दिलाया वोट का अधिकार दिलाकर राजा के पेट से राजा पैदा होने की प्रणाली खत्म किया उनके विचारों पर चलकर देश नई उछाइयो तक पहुंच सकता हैं समाज क़ो नई दिशा देने के लिए उनके विचारों पर चलने की आवश्यकता हैं समाज सुधारक दार्शनिक लेखक और दूर दर्शा सोच रखने वाले बाबा साहेब क़ो वचपन से ही जातिय भेदभाव झेलना पड़ा तीन गुरुओ मे ज्योतिबा फुले क़ो अपना गुरु माना दोनों महापुरुषों का मकसद समाज मे फैली कुरुतिया भेदभाव छुआछूत नारी जाति की शिक्षा विधवा विवाह सहित अनेक बुराईयों के खिलाफ अभियान चलाया बाबा साहेब नें कहा था मुझे मूर्तियों मे मत ढूंढो मे किताबों मे हु बनीपुर खेड़ा ओड़ि सहित दर्जनों गावों मे बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई

## बाबा साहेब के जीवन से सीखने की जरूरत कुलदीप ढिल्लों



मरुधर विशेष

**सुनीता सैनी बावल** बावल नजदीक गांव बनीपुर मे अम्बेडकर लाइब्रेरी एवमं सेवा समिति बनीपुर की तरफ से लाइब्रेरी मे बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर और महात्मा ज्योतिबा फूले जी की सयुंक्त जयंती धूमधाम से मनाई गई इसमे मुख्य अतिथि यूथ रीच फाउंडेशन से कार्डिनेटर मोश आलम व समाजसेवी सतबीर ढिल्लो शामिल रहे काफ़ी संख्या मे महिलायो और बच्चों नें भी भाग लिया पढ़ाई और अन्य कार्यों मे उत्कृस्ट प्रदशन करने वाले बच्चों क़ो सम्मानित किया गया कुलदीप ढिल्लो नें बताया गांव मे जयंती धूमधाम से मनाई जाती हैं बाबा साहेब और ज्योतिबा फुले नें समाज सुधार और सामाजिक बुराईयों के लिए जीवन भर संघर्ष किया दोनों समानता बन्धुवता के समर्थक थे हमें उनके बताये रास्ते पर चलने की आवश्यकता हैं मनोज मास्टर नें कहाँ महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर सीखने की आवश्यकता हैं बाबा साहेब नें नारी जाति के लिए अनेक कार्य किये शिक्षा मे विशेष उपलब्धि प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया गया घ इस अवसर पर रामोतार, बलबीर, मनोज कुमार, रविंद्र, महेंद्र, रामेश्वर दयाल, , फूलपति धनपति, रामकला, कमला आदि अनेक महिलाऐ और बच्चे व युवा शामिल हुए

## विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति द्वारा आज डा.भीमराव अंबेड़कर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति द्वारा आज डा. भीमराव अंबेड़कर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेशके महू मे हुआँ था वह वकील होने के साथ साथ अर्थशास्त्री राजनितिक और महान समाज सुधारक भी रहे डा भीमराव को बाबा साहब अंबेडकर के नाम से जाने जाते है उन्होंने छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ आंदोलन चलाया जिसमें उपस्थिति मातृशक्ति की सतसंग प्रमुख मिथलेश जी कौशिक पहले माला पहन कर नमन किया जिसमें उपस्थिति ज़िला बाल सस्कार प्रमुख साधना देवड़ा शशि कटारा चंदा सिंह सपना जैन आदि मात्र शक्ति उपस्थिति रहीं।

## कस्बे में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती बड़ी धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

### शोभायात्रा का कस्बे वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

मरुधर विशेष



**दिनेश लेखी कठूमर ।** कस्बे के अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्मोत्सव पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बैंड-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया।

जाटव समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष मुंशीलाल उर्फ भोबल जाटव ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ सांसद संजना जाटव के प्रतिनिधि हरभजन जाटव, पूर्व चेयरमैन शेर सिंह मीणा, पीसीसी सदस्य पिंकू शर्मा, सहित समाज के लोगों ने बाबा साहब को माल्यार्पण कर नमन कर हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया।

शोभायात्रा में बाबा साहब की शोभायात्रा में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर, भगवान बुद्ध, संत रविदास, अशोक सम्राट, एवं वाल्मीकि भगवान की झाकियां शामिल थी। शोभायात्रा जनूथरिया मोहल्ला, भगत मौहल्ला, मैनबाजार होते हुए दारूकूटा गली सहित अहिंसा सर्किल नगर बस स्टैंड से तहसील के सामने से वापस अंबेडकर पार्क पहुंची। शोभायात्रा में सैकडों की संख्या में आसपास गांव के युवाओं ने भाग लिया। वहीं युवा हाथों में नीले झंडे लेकर बाबा साहेब डॉ अंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश तुसारी , सुनील बजाज, घुग्गल राम, खेमचंद डीलर, राधेलाल जेईएन, हीरालाल, घनश्याम एटीओ, राजेश जाटव, महेश जाटव, श्याल सुन्दर जाटव, कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अजय कुमार, संतोष ठेकेदार, रामोतार, मोहन, शिवलाल, संतोष, महेंद्र मसारी, उदय मास्टर, सूपरिया बसेठ, हुकम मास्टर, पूरन कंडक्टर, विपिन , राजवीर बाल्मीकी सहित सैकड़ो की संख्या में युवा एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा मंडल कठूमर की ओर से भी बाबा अम्बेडकर को नमन किया गया।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती

मरुधर विशेष





**बानसूर।** बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत ने बानसूर में अम्बेडकर सर्किल पर व अम्बेडकर शिक्षा समिति बानसूर व हरसोरा व नारायणपुर के परिसर में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शेखावत ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीयों के बीच समानता की एक ऐसी मशाल प्रज्वलित की है, जिसका उजाला युगयुगीन है।

शेखावत ने कहा कि बाबा साहब ने एक साधारण परिवार में जन्म लेने के बावजूद अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर असाधारण व्यक्तित्व के रूप में अपने आप का विकास किया। बाबा साहब का जन्मदिन हम सबके लिए संकल्प लेने का दिन है कि उनकी संकल्पना के अनुरूप हम भारत का निर्माण करें। समाज में जो पीछे रह गया है, उसे साथ लेकर प्रतिबद्धता के साथ काम करें।

उन्होंने कहा कि भारत आज जिस शक्ति के आधार पर निरंतर प्रगति करता हुआ, विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वहां तक पहुंचने के लिए हमारे संविधान ने हमारा मार्ग प्रशस्त किया है, जिसके रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर हैं, देश श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करता है।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा के नेतृत्व में राज्य के गरीब, पिछड़े, दलित और आदिवासियों के जीवन में परिवर्तन लाने के संकल्प को लेकर काम हुए हैं। उसका प्रभाव आज समाज में दिखाई देता है। बाबा साहब को यह सच्ची श्रद्धांजलि है। विधायक शेखावत ने अम्बेडकर शिक्षा समिति बानसूर की मांगों पर बोलते हुए घोषणा की कि मैं मेरे विधायक कोष से 10 लाख रुपए शिक्षा समिति के परिसर में कमरे के लिए देता हूँ और अम्बेडकर सर्किल पर अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर छतरी व उसके सौंदर्यीकरण की घोषणा करता हूँ कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रतिनिधि राकेश सिंघल, सज्जन मिश्रा , एडवोकेट नवीन कुमार,मुकेश सिंह शेखावत, राजेंद्र आर्य, रतिराम आर्य साथलपुर,कुमार अंकेश पत्रकार, शेरसिंह मेघवाल, अनिल सिंघल, सुरेश ज्ञानपुरिया,हरसोरा मंडल अध्यक्ष करण यादव,उदय सिंह,विजय यादव, आर सी यादव और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कस्बा कैथवाड़ा में धूमधाम से मनाई गई आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती

मरुधर विशेष



**पत्रकार आबिद खान कैथवाड़ा** डीग जिले कस्बा कैथवाड़ा में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वें जन्म जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खूबी नेता जाटव व लालाराम ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण की व

आयोजकों के अनुसार, जयंती समारोह की शुरुआत सुबह अम्बेडकर भवन पर बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ शोभा यात्रा को लालाराम नेता जी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद पूरे जाटव मोहल्ला मेव मौहल्ला व पूरे बाजार भव्य शोभायात्रा निकाली गई है, जिसमें बड़ी संख्या में महिला सहित लोग शामिल रहे। शोभायात्रा में बाबासाहेब के विचारों और सामाजिक समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नारे, बैनर और उनके जीवन से जुड़े चित्र प्रदर्शित किए गये।

आए हुए अतिथियों का कहना है कि यह आयोजन न केवल डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करने का अवसर है, बल्कि समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का भी माध्यम है। कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों, और गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी रही

आयोजकों ने सभी गाँववासियों से इस शोभायात्रा और समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर बाबासाहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में एकजुटता दिखाई जाटव समाज के अध्यक्ष धर्मवीर, गुल्ली टेलर अख्तर गुरुजी दिलीप कुमार संजय गुरु जी अजय कुमार, हेतराम वर्मा, अखलेश कुमार आदि गण्यमान्य लोग मौजूद रहे

## राजस्थान मेघवाल समाज संस्था ने हर्षोल्लास से मनायी अम्बेडकर जयंती, डॉ अम्बेडकर के जीवन पर लगायी चित्र प्रदर्शनी

मरुधर विशेष



**अलवर (सुनील मेघवाल)** राजस्थान मेघवाल समाज संस्था जिला अलवर के द्वारा पूर्ण हर्षोल्लास के साथ संविधान निर्माता,भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को मनायी गई। मेघवाल समाज के सदस्यों ने सुबह 9 बजे अंबेडकर सर्किल पर पहुंच कर बाबा साहेब की प्रतिमा का माल्यार्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पण किये। अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर संस्था के महासचिव डॉ महेश गोठवाल तथा मिथिलेश के द्वारा बाबा साहेब के जीवन पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। चित्र प्रदर्शनी में डॉ अम्बेडकर के दुर्लभ फोटों के माध्यम से उनके जीवन संघर्ष को प्रदर्शित किया गया। चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन केंद्रीय वन एंव पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एंव वन एंव पर्यावरण राज्य मंत्री राजस्थान सरकार संजय शर्मा ने बडी उत्सुकता से किया और डॉ अम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी को वहाँ आये हजारों लोगों ने देखा और उनके जीवन के संघर्ष के मार्ग से प्रेरणा प्राप्त की। समारोह में राजस्थान मेघवाल समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, निहाल सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री, बद्रीप्रसाद सुरेला, जीपी वर्मा, हरिसिंह, सूरजभान मेहरा, देवप्रकाश , आर एस गोठवाल, महेश कुमार मेहरा, भगत सिंह , रामचंद्र सेक्रेटरी, भरत सिंह अहरोदिया, प्रेम कुमार वर्मा, जगराम फांसल डीवाईएसपी, कमलसिंह गोठवाल, सत्य प्रकाश, अनिल सुरेला, एडवोकेट कालूराम बलाई,राजलक्ष्मी, यादराम बलवाड़िया, भूप सिंह, डॉ सुरेंद्र गोठवाल, शुभराम पहाड़िया, नेकीराम डीईओ, लक्ष्मण सिंह बलाई, प्रोफेसर राजेंद्र कुमार, महेश कुमार व्याख्याता, राजेंद्र प्रसाद पी डब्ल्यू डी, देवेंद्र कुमार, देशराज राय, अजीत कुमार बागड़ी, रामू मेघवाल, यादराम पवार, मनोहर लाल सांवरिया, नेताजी सुरेश कुमार बलाई, प्रोफेसर राकेश कुमार, डा के के पालीवाल, अमरचंद बलाई , इंद्रपाल रंगा, दिनेश कुमार मैनेजर, प्रदीप गोठवाल, गौरव वर्मा, अभिमन्यु सिंह, यशु दहिया, प्रोफेसर जगतपाल सिंह, संजय गोठवाल, यमन कुमार, संजय गोठवाल, डॉ महेश गोठवाल महासचिव आदि उपस्थित रहे।

## शार्दूल श्रीवास्तव ने राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए किया क्वालिफाई

मरुधर विशेष



**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना स्थित आशादीप ग्रीन एकर्स निवासी डॉ. विवेक श्रीवास्तव और डॉ. नीलम वर्मा के पुत्र शार्दूल श्रीवास्तव, ने 24वीं प्री-यूपी राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। उनकी यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत के साथ-साथ उनकी कोच आरती के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और प्रशिक्षण का परिणाम है।आरती का समर्पण, जुनून और अटूट उत्साह शार्दूल की सफलता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वह अपने उत्कृष्टता के प्रति समर्पण से अपने विद्यार्थियों को निरंतर प्रेरित करती रहती हैं। इसके कारण नहीं शार्दुल श्रीवास्तव का राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसअवसर पर डॉ. गुरेंद्र भारद्वाज, हितेश यादव, रामकिशन शाह, एडवोकेट हवा सिंह यादव, धर्मपाल, किशन चौधरी, प्रेम सिंह हाड़ा, डॉ. योगेंद्र पाल और पूरी आरडब्ल्यूएस टीम सहित कई प्रमुख शुभचिंतकों ने शार्दूल को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं और भविष्य के लिए शुभेच्छाएं दीं।

## आज 15 अप्रैल को 11 वे सामुहिक विवाह में जोड़ा देने वालों एवं समिति कार्यकर्ताओं की बैठक

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** 14 अप्रैल सोमवार, समस्त ब्राह्मण एवं सर्व समाज सामुहिक विवाह समिति के संत एच आर पालीवाल के सानिध्य मे आगामी 30 अप्रैल को 11 वे सामुहिक विवाह मे जोड़ा देने वालों के साथ ही समिति कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक 15 अप्रैल मंगलवार को उदयपुर में स्थित आदि गोड ब्राह्मण समाज के नोहरे, हिरण मगरी सेक्टर 5 गायत्री चौराहे पर प्रातः10 बजे से रखी गई हे। समिति के अध्यक्ष महर्षि सारस्वत के अनुसार मीटिंग में जोड़ा देने वालों को सामुहिक विवाह में वर वधु के सम्बंध में आवश्यक दस्तावेज एवँ सामुहिक विवाह मे उनके साथ ही उनके परिजनों के आने के बाद सकुशल विवाहोपरांत उनकी विदाई तक की समिति द्वारा आयोजित रूप रेखा की समझाईश संत जी द्वारा की जायेगी। इसी क्रम में व्यवस्थापिका प्रेम लता पालीवाल नें बताया कि सामुहिक विवाह के कार्यक्रमों के अनुसार समिति कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो के बटवारे की ज़िम्मेदारी सोपी जायेगी। अतः पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों को इस बैठक को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुवे अपने अपने दायित्वों से उक्त बैठक में सरोबार होने हेतु आवश्यक रूप से समय पर उपस्थित होना हे।उक्त जानकारी समिति के बांसवाड़ा प्रभारी नवनीत त्रिवेदी ने दी।

## बानसूर के कस्बा रामपुर में आज जलदाय विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई करते हुए राइजिंग लाइन में हो रहे अवैध कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान विभाग ने राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन काटे गए

मरुधर विशेष



**विभाग** के ऐईएन विजय मिरवाल ने बताया कि रामपुर कस्बे में राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन होने की लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। जिससे कस्बे की सप्लाई बाधित हो रही थी। जिसको लेकर आज राइजिंग लाइन से करीब 15 अवैध कनेक्शन काटकर कनेक्शन करने वालो को नोटिस देकर पाबंद किया गया। उन्होंने कहा कि राइजिंग लाइन को तोड़ना कानूनन अपराध है और आगे से राइजिंग लाइन को तोड़कर कनेक्शन किया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विभाग की टीम ने अवैध कनेक्शन करने वाली पाइप नलकी को जब्त किया गया।

विभाग के ऐईएन ने बताया कि रामपुर कस्बे में 5 किलोमीटर दूर बलवा का बास से राइजिंग लाइन से पानी आता है। जिसको ग्रामीणों ने रास्ते में राइजिंग लाइन को तोड़कर अवैध कनेक्शन कर रखे थे। जिसको लेकर आज जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध कनेक्शन हटाए गए। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस दौरान विभाग की जेईएन ललतोश गुर्जर, पप्पूराम सैनी, लक्ष्मण सैनी मौजूद रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा नीमराणा के कार्यकर्ताओं ने डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा नीमराना के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमराना में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समरसता दिवस जिला अध्यक्ष विनोद पाल यादव की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी करम सिंह यादव,जिला सचिव रामधन यादव ,व्याख्याता जसवंत सिंह यादव, ब्लॉक मंत्री ईश्वर दयाल यादव,जिला महिला मंत्री निर्मला यादव तथा दिनेश सैनी उपस्थित रहे।

## चौबारा गांव में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का हुआ आयोजन



मरुधर विशेष



**शाहजहांपुर (सुनील मेघवाल)** चौबारा गांव में गोगाजी मंदिर प्रांगण में सोमवार को भामाशाह भरत सिंह द्वारा शिव मंदिर का निर्माण करवाकर आचार्य चंद्रकांत पंडित ,पंडित कृष्ण भारद्वाज,पंडित बृजमोहन बुर्जा पंडित नवीन एवं पंडित आनन्द सहित पांच ब्राह्मणों द्वारा विधि विधान से शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई ।मूर्ति स्थापना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई ।रविवार को तीन सौ ग्यारह महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ मूर्तियों का नगर भ्रमण करवाया।रेवाड़ी से आए आए कलाकारों ने भव्य झाकियों और डीजे पर बजने वाले भजनों ने गांव का वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच श्यामसुंदर यादव,पूर्व सरपंच श्योराम सिंह शेखावत ,तुषार सिंह,मुकेश चौहान ,हवा सिंह ,अशोक सिंह गादुवास, ईश्वर सिंह,टोनी सैन,छत्रपाल सिंह सूबेदार, शेरसिंह ठेकेदार ,पदम सिंह,प्रवीण सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शाम्दा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732